GST NO. 07AAACE1747M1ZJ
CIN U20299DL1986 NPL023253

EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS

EPCH HOUSE, POCKET 6 & 7, SECTOR 'C', LOCAL SHOPPING CENTRE, VASANT KUNJ, NEW DELHI-110070
Tel: 91-11-26135256
Fax: 91-11-26135518,26135519
Email: mails@epch.com
web: www.epch.in

PRESS RELEASE

EPCH'S 'NAMESTE INDIA' CAMPAIGN TO PROJECT INDIA AS SAFE SOURCING DESTINATION

New Delhi – 2nd March, 2020 - The global value chain has been adversely impacted due to situation in East Asia particularly in China. It's battle with coronavirus is threatening to send the global economy into a disarray, by disrupting the arterial supply chains. An acute consumption slowdown in the world's second largest economy which accounts for over 15% of global GDP is further expected to weigh on the global economy.

Shri Rakesh Kumar, Director General, Export Promotion Council for Handicrafts [EPCH] said that India sympathises with its neighbours and hope that this menace of corona virus which has engulfed China and slowly spreading to other parts of the world is contained and there is no loss of life any further. In India there has been discussions and deliberations focused around strategies to fill the gap left by China and encourage buyers to consider India as an alternate sourcing hub and to create new opportunities to position India as a reliable, safe and competitive supplier.

Adding further he said, the global market is not expected to recover before summer of 2021. There would be a huge supply vacuum which India can immensely benefit from by replacing China as the supplier to leading handicraft buyers in USA and European Union.

Shri Rakesh Kumar, Director General – EPCH while speaking on the issue also offered some innovative and bold suggestions around 'Namaste India' to attract overseas buyers towards Indian fairs and thereby to look at India as a compliant and safe hub. The idea behind weaving promotional campaign around 'Namaste India' is to give strong message to the world that if India is safe for entire delegation of top business magnates accompanying American President then it is equally safe for others from across the globe to come to India.

Shri Kumar also articulated another innovative marketing approach of roping in travel agents in USA and EU to drive the 'Namaste India' campaign. He suggested Trade Facilitation Officers to be appointed in Indian Missions overseas as well as in Textiles Export Promotion Councils and Ministry of Textiles to work closely in a coordinated manner so as to promote Indian handicrafts and textiles (including Technical Textiles).

Shri Kumar further suggested, aggressive publicity campaign using traditional (print) and digital marketing tools to be used in major markets of home, lifestyle, fashion, furniture and textiles with messaging around India being safe and perfect sourcing destination. For India, can use this crises as ideal opportunity to gain market share vacated by China in the manufacturing space in the near term and provide a fillip to "Make in India" efforts of Government of India, added Mr. Kumar.

For more information, please contact
Shri Rakesh Kumar, DG – EPCH - + 91-9818272171

Follow us on #epchindia

Copyright 2020 - Export Promotion Council for Handicrafts. All Rights Reserved.

भारत को सुरक्षित सोर्सिंग डेस्टिनेशन बताने के लिए ईपीसीएच का 'नमस्ते इंडिया' अभियान

नई दिल्ली- 2 मार्च, 2020- कोरोना वायरस को लेकर पूर्वी एशिया खासकर चीन में उपजी स्थित की वजह से ग्लोबल वैल्यू चेन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है. कोरोना वायरस के साथ चल रही लड़ाई दुनिया की अर्थव्यवस्था को परेशानी में डालने का खतरा उत्पन्न कर रही है. दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन, जो वैश्विक जीडीपी का 15% से भी बड़ा हिस्सा है, उसकी खपत में आई बड़ी कमी से दुनिया की अर्थव्यवस्था पर और भार पड़ने की उम्मीद है.

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के महानिदेशक श्री राकेश कुमार ने कहा कि भारत अपने पड़ोसियों के साथ हमदर्दी रखता है और उम्मीद करता है कि कोरोना वायरस का जो खतरा चीन को घेर चुका है धीरे धीरे दुनिया के बाकी हिस्सों में फैल रहा है, उस पर नियंत्रण पा लिया जाएगा और आगे इससे किसी की मौत नहीं होगी.

भारत में इस रणनीति पर चर्चाएं और विचार विमर्श की गई कि चीन से आपूर्ति में आई कमी की भरपाई के लिए दुनिया भर के खरीदारों को भारत को एक वैकल्पिक सोर्सिंग हब के रूप में प्रोत्साहित किया जाए जिससे भारत को विश्वसनीय, सुरक्षित और प्रतिस्पर्धी आपूर्तिकर्ता के रूप में नए अवसर प्राप्त हों.

उन्होंने आगे कहा कि वैश्विक बाजार के 2021 की गर्मियों से पहले वर्तमान स्थिति से उबरने की उम्मीद नहीं है. इस दौरान आपूर्ति को लेकर एक बहुत बड़ा खालीपन होगा, लिहाजा भारत के पास अमरीका और यूरोपीय संघ में प्रमुख हस्तशिल्प खरीदारों के बीच चीन की जगह लेने का बड़ा अवसर है.

ईपीसीएच के महानिदेशक श्री राकेश कुमार ने इस मुद्दे पर बात करते हुए 'नमस्ते इंडिया' से जुड़े कुछ नए और साहसिक सुझाव भी दिए, ताकि विदेशी खरीदार भारतीय मेलों की ओर आकर्षित हों और वो भारत को एक सुरक्षित हब और आपूर्ति के लिए तैयार देश के रूप में देख सकें. यह प्रचार अभियान 'नमस्ते इंडिया' के इर्द-गिर्द बुनने के पीछे दुनिया को यह कड़ा संदेश देना है कि अगर भारत अमरीकी राष्ट्रपति और उनके पूरे प्रतिनिधिमंडल के लिए सुरक्षित है तो दुनिया भर के अन्य लोगों के लिए भी भारत आना समान रूप से सुरक्षित है.

Copyright 2020 - Export Promotion Council for Handicrafts. All Rights Reserved.

इसके अलावा श्री कुमार ने 'नमस्ते इंडिया' अभियान चलाने को लेकर अमरीका और यूरोपीय संघ में ट्रैवल एजेंट्स को लुभाने का भी एक स्पष्ट आइडिया दिया. उन्होंने सुझाव दिया कि ट्रेड फैसिलिटेशन ऑफिसर्स को विदेशों में भारतीय मिशनों में और साथ ही टेक्सटाइल्स एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल्स और टेक्सटाइल मंत्रालय में समन्वित तरीके से काम करने का सुझाव दिया जाए ताकि भारतीय हस्तशिल्पों और टेक्सटाइल (टेक्निकल टेक्सटाइल समेत) को बढ़ावा दिया जा सके.

श्री कुमार ने आगे सुझाव दिया कि होम, लाइफस्टाइल, फैशन, फर्नीचर और टेक्सटाइल के प्रमुख बाजारों में पारंपरिक (प्रिंट) और डिजिटल मार्केटिंग टूल का उपयोग करते हुए एक आक्रामक प्रचार अभियान चलाया जाए और इसके जरिए यह संदेश दिया जाए कि भारत सुरक्षित और सबसे उत्तम सोर्सिंग गंतव्य है.

भारत इस संकट की घड़ी का उपयोग विनिर्माण के क्षेत्र में चीन के सामानों की अनुपलब्धता को पूरा करने और बाजार के एक बड़े हिस्से पर अपनी पकड़ बनाने के एक आदर्श अवसर के रूप में कर सकता है और इसके साथ ही भारत सरकार के 'मेक इन इंडिया' के प्रयासों को प्रोत्साहित कर सकता है.

विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें:
श्री राकेश कुमार, महानिदेशक- ईपीसीएच+ 91-9818272171

Follow us on #epchindia

Copyright 2020 - Export Promotion Council for Handicrafts. All Rights Reserved.

As much as we like greeting you in all ways, hugs & hi fives & a good handshake, this season as we prioritise your health, **let's greet with a Namaste.**



Follow us on #epchindia

Copyright 2020 - Export Promotion Council for Handicrafts. All Rights Reserved.